अध्याय

19

# भारत माता



© JCERT not to be republished

## जवाहरलाल नेहरू

**लेखक परिचय**



जवाहरलाल नेहरू

जन्म - सन् 1889 ई.

जन्म स्थान - इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)
मृत्यु - सन् 1964 ई.

जवाहरलाल नेहरू के पिता मोतीलाल नेहरू एक बहुत बड़े वकील थे।

नेहरू जी की प्रारंभिक शिक्षा घर पर तथा उच्च शिक्षा इंग्लैंड में हैरो तथा कैंब्रिज में हुई। वहीं से वे वकालत की पढ़ाई भी की।

गांधीजी के आह्वान पर वे पढ़ाई छोड़ कर आजादी की लड़ाई में जुट गए।

सन् 1929 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन के अध्यक्ष बने और पूर्ण स्वतंत्रता की माँग की।

सन् 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ तो नेहरु जी स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री बने।

नेहरू जी बच्चों के बीच 'चाचा नेहरू' के रूप में भी जाने जाते थे।

प्रमुख रचनाएँ :-
आत्मकथा - मेरी कहानी।
हिंदी अनुवाद- विश्व इतिहास की झलक, हिंदुस्तान की कहानी, पिता के पत्र पुत्री के नाम।
लेखों और भाषणों का संग्रह- हिंदुस्तान की समस्याएँ, स्वाधीनता और उसके बाद, राष्ट्रपिता, भारत की बुनियादी एकता, लड़खड़ाती दुनिया आदि।

© JCERT not to be republished

## पाठ परिचय

- भारत माता
- यह पाठ 'हिंदुस्तान की कहानी' का पाँचवाँ अध्याय है।
- प्रस्तुत पाठ का अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद हरीभाऊ उपाध्याय ने किया है ।
- इस पाठ में पं. नेहरू ने बताया है कि किस तरह देश के कोने-कोने में आयोजित जलसों में जाकर वे आम लोगों को बताते थे कि अनेक हिस्सों में बटा होने के बाद भी हिंदुस्तान एक है।
- हिंदुस्तान के इस अपार फैलाव के बीच एकता के क्या आधार हैं और क्यों भारत 'एक देश' है, जिसके सभी हिस्सों की नियति एक ही तरीके से बनती बिगड़ती है - यही इस पाठ की विषय वस्तु है।
- पं. नेहरू 'भारत माता' शब्द पर भी विचार किया है और उनका निष्कर्ष है कि 'भारत माता की जय' का मतलब है यहाँ के करोड़ों-करोड़ लोगों की जय।
- इस लेख का आकार छोटा होने के बावजूद इसका कथ्य अत्यंत विराट और प्रस्तुतीकरण पैना है।

© JCERT not to be republished

## पाठ का सारांश:-

'भारत माता' पाठ 'हिंदुस्तान की कहानी' का पाँचवाँ अध्याय है। इस लेख का अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद हरिभाऊ उपाध्याय ने किया है। इसमें पं. नेहरु ने बताया है कि किस तरह देश के कोने-कोने में आयोजित जलसों में जाकर वे आम लोगों को बताते थे कि अनेक हिस्सों में बँटा होने के बाद भी हिंदुस्तान एक है। हिंदुस्तान का इतना बड़ा विस्तार के बीच एकता के क्या आधार हैं ? क्यों भारत 'एक' देश है ? जिसके सभी हिस्सों की नियति एक ही तरीके से बनती-बिगड़ती है - यही पूरे पाठ की विषयवस्तु है।

स्वतंत्रता से पहले नेहरू जी अलग-अलग स्थानों पर जनसभाएँ आयोजित करते थे, जहाँ वे जनता के साथ मिलकर राष्ट्रीय एकता और संस्कृति के बारे में चर्चा करते थे। उनकी चर्चाओं में भारत भूमि की महत्ता के बारे में बातें होती थीं। वे अधिकतर ऐसी जनसभाएँ गाँवों में करते थे, जहाँ लोग उनकी बातों को ध्यान से सुनते थे। वे शहरों में जाने से बचते थे क्योंकि वहाँ के लोग स्वयं को अधिक चालक समझते थे। गाँवों में रहने वाले गरीब किसान भारत-भूमि की महत्ता को समझते थे तथा वे लोग आजादी का मतलब जानते थे।

नेहरू जी भारत के विभिन्न कोनों की यात्रा

कर चुके थे। अपनी यात्रा के दौरान उन्हें किसानों की दयनीय स्थिति का पता चला। उन्होंने भारत-निर्माण का सपना देखा, जिसमें किसानों को गरीबी, कर्जदारों, पूँजीपति, जमींदार, महाजन के शोषण तथा अत्यधिक लगान, पुलिस के अत्याचार, इन सभी समस्याओं से छुटकारा दिलाने का सपना शामिल था। उन्होंने हमेशा लोगों को एकजुट होकर भारत की आजादी के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। वे लोगों के सामने अमेरिका में हो रहे विकास का उदाहरण प्रस्तुत करते थे। किसान भी उनकी बातों को समझते थे, क्योंकि उन्हें पुराने महाकाव्यों तथा पुराणों की कथा-कहानियों की जानकारी थी। उनमें से कुछ ने विदेशों में नौकरियाँ भी की थी। उन्हें दुनिया में चल रहे आर्थिक मंदी के दौर भी पता था।

जब नेहरू जी उनसे 'भारत माता की जय' नारे का अर्थ पूछते थे,जिसका अर्थ किसान 'धरती' बताते थे। वे उन्हें धरती से जुड़े अवधारणा के बारे में समझाते थे। धरती का अर्थ किसी एक जिले या गाँव की धरती नहीं, बल्कि पूरे हिंदुस्तान की धरती से था। इससे वे उन्हें भारत की एकता का मर्म समझाने में सफल होते थे। 'हम सभी उस भारत माता के अंश हैं', नेहरू जी की यह सोच किसानों के मनोबल को बढ़ाने का कार्य करती थी।

'भारत माता की जय' का मतलब है यहाँ के करोड़ों-करोड़ लोगों की जय। इस तरह नेहरू जी हिंदुस्तान के गाँवों में बसे लोगों को एकता के सूत्र में बाँधकर उनमें आजादी की भावना जागृत करते थे।

## शब्दार्थ:-

**सयाने** = समझदार, अक्लमंद।

**गिज़ा** = खुराक, भोजन, खाद्य।

**नज़रिया** = दृष्टिकोण।

**जुदा** = अलग।

**महदूद** = सीमित।

**मसला** = मुद्दा।

**जिक्र** = वर्णन, विवेचना, चर्चा।

**यक-साँ** = एक समान।

**फायदे** = लाभ।

**ढह्वे** = बोझ।

**तकलीफ़ें** = कष्ट, दुःख, पीड़ा।

**तब्दीलियों** = परिवर्तनों।

**हद** = सीमा।

**जुज़** = खंड, भाग।

**अचरज** = आश्चर्य।

**कशमकश** = ऊहापोह, पसोपेश।

**वजह** = कारण।

**हवाले** = संदर्भ।

**जंग** = लड़ाई।

**कुतूहल** = उत्सुकता।

**मंदी** = कमजोरी, कमी।

© JCERT not to be republished

**ताज्जुब** = आश्चर्य।

**जवाब** = उत्तर।

**हट्टे-कट्टे** = हष्ट-पुष्ट, स्वस्थ, मज़बूत कद-काठी वाला।

**अज़ीज** = प्रिय।

**अनगिनत** = अनेक, जिसे गिना न जा सके।

**दरअसल** = वास्तव में।

**मतलब** = अर्थ, तात्पर्य।

**जलसा** = समारोह।

**धावा** = आक्रमण।

## अभ्यास

### 1. भारत की चर्चा नेहरू जी कब और किससे करते थे?

**उत्तर-** भारत की चर्चा नेहरू जी प्रत्येक जलसे में शहरों में रहने वाले समझदार लोगों की अपेक्षा गाँव में रहने वाले भोले-भाले किसानों से करते थे। क्योंकि गाँव के किसानों में स्वतंत्रता प्राप्ति का दृष्टिकोण सीमित था। वे यह जानते थे कि देश का एक हिस्सा दूसरे हिस्से से अलग होते हुए भी एक है।

### 2. नेहरू जी भारत के सभी किसानों से कौन-सा प्रश्न बार-बार करते थे?

**उत्तर-** नेहरू जी जब जलसे में पहुँचते थे तब उनका स्वागत 'भारत माता की जय' के नारे के साथ किया जाता था। नेहरू जी वहाँ उपस्थित लोगों से प्रश्न करते कि इस 'भारत माता की जय' नारे का क्या अर्थ है? 'भारत माता' कौन है ? जिसकी वे जय कहते हैं।

उनके द्वारा भारत माता से अभिप्राय 'धरती' से है कहने पर वे फिर पूछते कौन सी धरती- गाँव, जिले, सूबे की या सारे हिन्दुस्तान की? इस प्रकार नेहरू जी भारत माता के विषय में प्रश्न पर प्रश्न पूछते रहते थे।

### 3. दुनिया के बारे में किसानों को बताना नेहरू जी के लिए क्यों आसान था?

**उत्तर-** दुनिया के बारे में किसानों को बताना नेहरू जी के लिए इसलिए आसान था क्योंकि गाँव के किसान शहर के लोगों की अपेक्षा अत्यधिक भोले-भाले तथा सरल स्वभाव के थे। दुनिया के बारे में जानने की इच्छा उनमें सीमित होती थी। गाँव के किसानों में काफी

लोग ऐसे थे जिन्होंने पुराने महाकाव्यों और पुराणों की कथाओं को पढ़ रखा था। कुछेक ने बड़े-बड़े तीर्थों की यात्रा भी कर रखी थी। उनमें कुछ पुराने सिपाही भी थे, जिन्होंने पिछली बड़ी जंग या अन्य आक्रमणों के सिलसिले में विदेशों में नौकरियाँ की थीं। इसीलिए उन्हें नेहरू जी का विचार आसानी से समझ आ सकता था।

### 4. किसान सामान्यतः भारत माता का क्या अर्थ लेते थे?

**उत्तर-** किसान सामान्यतः 'भारत माता' का अर्थ 'धरती' से लेते थे।

not to be republished © JCERT

JEPC Reference Book for Free Distribution : 2022-23

**प्रश्न 5. 'भारत माता' के प्रति नेहरू जी की क्या अवधारणा थी?**

**उत्तर–** 'भारत माता' के प्रति नेहरू जी की यह अवधारणा थी कि हिन्दुस्तान के नदी, पहाड़, जंगल और खेत जो हमें अन्न देते हैं, ये सभी 'भारत माता' है। साथ ही साथ हिन्दुस्तान के करोड़ों लोग जो देश में चारों ओर फैले हुए हैं 'भारत माता' है। 'भारत माता की जय' से मतलब भारत के करोड़ों लोगों की जय है। हर व्यक्ति 'भारत माता' का अंश है। अतः हर मानव में 'भारत माता' के दर्शन होते हैं।

**6. आज़ादी से पूर्व किसानों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता था?**

**उत्तर–** आजादी से पूर्व किसानों को आर्थिक मंदी, गरीबी, कर्जदारों, पूंजीपतियों, जमींदारों, महाजनों के अत्यधिक कर और ब्याज, पुलिस के ज़ुल्म आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता था।

## पाठ के आस-पास

**1. आज़ादी से पहले भारत-निर्माण को लेकर नेहरू के क्या सपने थे? क्या आज़ादी के बाद वे साकार हुए? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–** आजादी से पहले भारत-निर्माण को लेकर नेहरूजी ने भारत की दिन दुगुनी रात चौगुनी उन्नति के सपने देखें। वे भारत में स्वायत्त शासन की स्थापना कर सबके अधिकारों की रक्षा करना चाहते थे तथा भारत देश को अन्य देशों के समान आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक उन्नति देखना चाहते थे, किन्तु स्वतंत्रता उपरान्त भी उनके सभी सपने साकार न हो सके। क्योंकि हमने आजादी तो प्राप्त कर ली, लेकिन हम समस्याओं से छुटकारा नहीं पा सकें। आज भी अधिकार कुछ लोगों की मुट्ठी में हैं तथा ऊँच-नीच की खाई को अभी तक नहीं भरा जा सका। जाति-भेद, धर्म-भेद, भाषा-भेद, ऊँच-नीच का भेदभाव भी भारत में विद्यमान है।

**2. भारत के विकास को लेकर आप क्या सपने देखते हैं?**

**उत्तर–** भारत का विकास तभी संभव है जब भारत में अनेकता में एकता विद्यमान रहे। भारत के लोगों में धर्म-भेद, जाति-भेद,रंग-भेद, ऊँच-नीच का भेदभाव समाप्त हो। सभी मिलजुल कर भाईचारे से अपने अधिकारों का प्रयोग करें तथा दूसरे के अधिकारों की रक्षा करें। भारत देश अन्य देशों के समान वैज्ञानिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक उन्नति करे। इन्हीं सुधारों से भारत का विकास सम्भव है। अतः इन समस्याओं के समाधान के हम सपने देखते हैं।

© JCERT not to be republished

**3. आपकी दृष्टि में भारत माता और हिंदुस्तान की क्या संकल्पना है? बताइए।**

**उत्तर—** हमारी दृष्टि में भारत माता और हिन्दुस्तान एक ही है। हिन्दुस्तान का प्रत्येक नागरिक भारत माता का ही अंश है। हिंदुस्तान की सारी जनता भारत माता का रूप है। केवल भारत की जनता ही नहीं अपितु नदी, पर्वत, पहाड़, जंगल, खेत,धरती, आकाश, हवा, पानी सभी भारत माँ की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं।

**4. वर्तमान समय में किसानों की स्थिति किस सीमा तक बदली है? चर्चा कर लिखिए ?**

**उत्तर—** वर्तमान समय में किसानों की स्थिति में काफी सुधार आया है। सरकार का ध्यान किसानों की दशा सुधारने की ओर गया है। इसीलिए उन्हें बैंकों द्वारा कम ब्याज पर ऋण की सुविधा दिलाई गई है। खेती-बाड़ी के सभी साधनों के लिए उन्हें ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। सिंचाई के सभी साधनों तथा बीज, खाद आदि उपलब्ध करवाने की व्यवस्था भी की गई है। किसानों के नुकसान की भरपाई की भी सरकार द्वारा योजनाएँ बनाई जा रही हैं।

**5. आज़ादी से पूर्व अनेक नारे प्रचलित थे। किन्हीं दस नारों का संकलन करें और संदर्भ भी लिखें।**

**उत्तर-** आज़ादी से पूर्व अनेक नारे प्रचलित थे जिनमें से दस नारों का संदर्भ बताते हुए नीचे उल्लेख किया गया है।

1. **'वेदों की ओर लौटो'-** आर्य समाज का नारा था।
2. **'भारत भारतीयों के लिए'-** आर्य समाज ने स्वाधीनता से पूर्व नारा दिया था।
3. **'स्वाधीनता सबका जन्मसिद्ध अधिकार है'-** बाल गंगाधर तिलक का स्वाधीनता से पूर्व लोगों के आवाहन हेतु दिया गया नारा था।
4. **'सबके लिए एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर'-** श्री नारायण गुरु ने एकता की स्थापना हेतु दिया था।
5. **'करो या मरो'—** 1942 के आंदोलन में गाँधी जी का नारा था।
6. **'सत् श्री अकाल'—** गुरु गोविन्द सिंह ने अपने खालसों (सैनिकों) को प्रेरित करते हुए दिया।
7. **'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा'-** सुभाषचंद्र बोस द्वारा स्वाधीनता से पूर्व दिया गया नारा था।
8. **'ब्रिटिश साम्राज्यवाद - मुर्दाबाद'-** ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरोध में दिया गया नारा था।
9. **'इन्कलाब जिंदाबाद'-** ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरोध में दिया गया नारा था।
10. **'दुनिया के मजदूरों एक हो'-** ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरोध में दिया गया नारा था।

© JCERT not to be republished

## भाषा की बात

**1. नीचे दिए गए वाक्यों का पाठ के संदर्भ में अर्थ लिखिए –**

**उत्तर–**

**दक्खिन** = दक्षिण।

**पच्छिम** = पश्चिम।

**यक-सॉ** = एक समान।

**एक जुज़** = खंड।

**ढब्बे** = बोझ।

**2. नीचे दिए गए संज्ञा शब्दों के विशेषण रूप लिखिए –**

**उत्तर–**

**आज़ादी** = आजाद।

**चमक** = चमकीला।

**हिंदुस्तान** = हिंदुस्तानी।

**विदेश** = विदेशी।

**सरकार** = सरकारी।

**यात्रा** = यात्री।

**पुराण** = पौराणिक।

**भारत** = भारतीय।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न-उत्तर

**1. 'भारत' किस भाषा का शब्द है ?**

(क) हिंदी का

(ख) संस्कृत का

(ग) फारसी का

(घ) अंग्रेजी का

**उत्तर–** (ख) संस्कृत का

**2. 'भारत माता की जय' के नारे से किसका स्वागत होता है?**

(क) मोती लाल नेहरु का

(ख) जवाहर लाल नेहरु का

(ग) सुभाष चन्द्र बॉस का

(घ) सरदार पटेल का

**उत्तर–** (ख) जवाहर लाल नेहरु का

**3. 'खबैर दर्रा' किस दिशा में है ?**

(क) उत्तर-पश्चिम

(ख) उत्तर-पूर्व

(ग) दक्षिण-पूर्व

© JCERT not to be republished

(घ) दक्षिण-उत्तर

**उत्तर-** (क) उत्तर-पश्चिम

**4. महदूद नजरिया कैसा होता है ?**

(क) विस्तृत

(ख) सीमित

(ग) विभाजित

(घ) मजबूत

**उत्तर-** (ख) सीमित

**5. 'यकसाँ' कैसा होता है ?**

(क) एक समान

(ख) अलग-अलग

(ग) विभाजित

(घ) मजबूत

**उत्तर-** (क) एक समान

**6. नेहरु का जन्म किस सन् में हुआ था ?**

(क) सन् 1888 में

(ख) सन् 1889 में

(ग) सन् 1891 में

(घ) सन् 1892 में

**उत्तर-** (ख) सन 1889 में

**7. आज भी किसानों की कैसी दशा है?**

(क) दयनीय दशा

(ख) अच्छी दशा

(ग) असहनीय दशा

(घ) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-** (क) दयनीय दशा

**8. नेहरु जी के पिता का क्या पेशा था ?**

(क) अध्यापक

(ख) डॉक्टर

(ग) वकील

(घ) क्लर्क

**उत्तर-** (ग) वकील

**9. 'भारत माता' दरअसल क्या है ?**

(क) सेना

(ख) नेता

(ग) करोड़ देशवासी

(घ) जमीन

**उत्तर-** (ग) करोड़ देशवासी

**10. नेहरु ने उच्च शिक्षा कहाँ से प्राप्त की थी ?**

(क) कनाडा

(ख) इंग्लैंड

(ग) जापान

(घ) चीन

**उत्तर-** (ख) इंग्लैंड

© JCERT not to be republished

**11. किसने यह उत्तर- (दिया था 'भारत माता से उनका मतलब धरती से है' ?**

(क) नेता ने

(ख) अध्यापक ने

(ग) जाट ने

(घ) डॉक्टर ने

**उत्तर-** (ग) जाट ने

**12. सबसे अधिक प्रश्न कौन पूछते थे?**

(क) मजदूर

(ख) किसान

(ग) व्यापारी

(घ) डॉक्टर

**उत्तर-** (ख) किसान

**13. चाचा नेहरु का जन्म - दिवस किस दिन के रूप में मनाया जाता है ?**

(क) बाल दिवस

(ख) मजदुर दिवस

(ग) शहीदी दिवस

(घ) स्वतंत्रता दिवस

**उत्तर-** (क) बाल दिवस

**14. चाचा नेहरु जी किस सन् में राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन के अध्यक्ष बने थे ?**

(क) सन् 1926 ई. में

(ख) सन् 1927 ई. में

(ग) सन् 1928 ई. में

(घ) सन् 1929 ई. में

**उत्तर-** (घ) सन् 1929 ई. में

**15. लाहौर अधिवेशन के अध्यक्ष बनने के बाद किसने पूर्ण स्वतन्त्रता की माँग की थी ?**

(क) मोती लाल नेहरु ने

(ख) जवाहर लाल नेहरू ने

(ग) कृष्ण राज ने

(घ) सुभाष चन्द्र बॉस ने

**उत्तर-** (ख) जवाहर लाल नेहरु ने

**16. नेहरु जी आलेख 'भारत माता' का अंग्रेजी भाषांतर किसने किया था ?**

(क) हरिबाऊ उपाध्याय ने

(ख) कृष्ण राय ने

(ग) धनपत राय ने

(घ) मोती लाल ने

**उत्तर-** (क) हरिबाऊ उपाध्याय ने

**17. श्रीनगर में लेखक की मुलाक़ात किससे हुई थी ?**

(क) हेनरी कार्तिए - ब्रेसों से

(ख) लैंगमेहर से

(ग) विलियन से

© JCERT not to be republished

(घ) जॉर्ज से

**उत्तर–** (क) हेनरी कार्तिए-ब्रेसों से

**18. जब लेखक की माता – पिता की मृत्यु हुई तब लेखक कितने वर्ष का था?**

(क) बीस वर्ष

(ख) पच्चीस वर्ष

(ग) तीस वर्ष

(घ) इक्कीस वर्ष

**उत्तर–** (ख) पच्चीस वर्ष

© JCERT not to be republished